विपणन/बीएसएम/मसाले/08/2020-21 **15 मार्च, 2021**

महोदय/महोदया,

विषय: पश्चिम बंगाल क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए 19 मार्च, 2021 को दोपहर बाद 3.00 से सायं 5.30 बजे तक मसालों केलिए ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक(बीएसएम)

स्पाइसेस बोर्ड भारत की ओर से अभिवादन !

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार), भारतीय मसालों के विकास और दुनिया-भर में बढ़ावा देनेवाला अग्रणी संगठन है, जो मसाला उद्योग के विभिन्न स्तरों पर संबंध को सुदृढ़ करते हुए मसाला व्यापार के संवर्धन एवं सुगमता हेतु कार्यकलापों की अगुवाई करता है।

भारत का मसाला निर्यात, वैश्विक महामारी की स्थिति के बावजूद भी, पिछले वर्ष की तुलना में, मात्रा में, आठ प्रतिशत, रुपए के हिसाब से दस प्रतिशत तथा डॉलर के हिसाब से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के अलावा, वर्ष 2019-20 के दौरान, 21515.40 करोड़ रुपए मूल्यवाले, 11,83,000 मीटरी टन की मात्रा के साथ, मूल्य वसूली में तीन अरब यूएस डॉलर का लैंडमार्क स्तर तक बढ़ा ।

पश्चिम बंगाल क्षेत्र, मसालों का प्रमुख उत्पादन एवं निर्यात हब होने के कारण भारत के मसाला उत्पादन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वर्ष 2019-20 के दौरान, क्षेत्र में मसालों का उत्पादन, 1,66,965 हेक्टयर क्षेत्र से 4,61,856 मेट्रिक टन रहा। पश्चिम बंगाल क्षेत्र से लगभग 500 से अधिक पंजीकृत निर्यातक मसाला निर्यात व्यापार में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

मसालों व मसाला उत्पादों का निर्यात और बढ़ाने केलिए स्पाइसेस बोर्ड, क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) का आयोजन करता आ रहा है, ताकि मसाला उद्योग के खरीददारों और विक्रेताओं को सीधे बातचीत करने और कारगर कारोबारी संपर्क स्थापित करने हेतु एक आम मंच मुहैया किया जा सके। तदनुसार, बोर्ड **पश्चिम बंगाल क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए 19 मार्च, 2021 को दोपहर बाद 3.00 से सायं 5.30 बजे तक मसालों केलिए ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक(बीएसएम) आयोजित कर रहा है।**

पश्चिम बंगाल व सिक्किम क्षेत्र से एफ़पीओ, कृषक समुदाय, प्रसंस्करण-कर्त्ता एवं व्यापारियों के प्रतिनिधित्व करनेवाले पगतिशील कृषक, विक्रेता/उत्पादक तथा भारत भर के निर्यातक इस बीएसएम में भाग लेंगे। ।

सभी निर्यातकों को बीएसएम में हार्दिक रूप से आमंत्रित किया जाता है ताकि मसालों के आपूर्तिकर्त्ताओं/कृषकों के साथ कारगर कारोबारी संपर्क स्थापित करने की संभावनाओं की तलाश की जा सके। इच्छुक निर्यातक/खरीददार **16 मार्च, 2021 को या उससे पहले** निम्नलिखित विवरण **इ-मेइल sbrokolkata@gmail.com** के ज़रिए उपलब्ध कराते हुए बीएसएम केलिए रजिस्टर कर सकते हैं।

नाम, कंपनी का नाम एवं पता	**मोबाइल नं. व इ-मेइल**

पंजीकरण के उपरांत, कार्यक्रम का लिंक इच्छुक खरीददारों के साथ साझा किया जाएगा।
अधिक जानकारी केलिए कृपया संपर्क करें:

श्री वेणुगोपाल जी., वैज्ञानिक -ए, स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय, कोलकाता। मोब.: 9746864939

श्री संदीप कुमार चौरस्या, निर्यात संवर्धन अधिकारी, स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय, कोलकाता।
मोब.: 8637662125 , 9443801838

शुभकामनाओं के साथ,

(ह.)
निदेशक(विपणन)